न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 47/2026 बउनवानी सदाफ सिद्दीकी **बनाम** अति0जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर
निवासी 334 जालूपुरा, संसारचन्द्र रोड़ के पास वार्ड नम्बर 67, जयपुर हेरीटेज

Appeal Number- 321713159306110

GCMS No-2026/ 106

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं. वा अहकाम जो हुक्म की तामील मे जारी हुआ
15.4.2026	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 26.12.2025 को लोक सूचना अधिकारी एवं अति0जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर" ***जिला परीक्षा समन्वयक कलेक्टर सवाईमाधोपुर द्वारा प्राचार्य, राजकीय कन्या पीजी महाविद्यालय वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा संस्कृत शिक्षा 2024 दिनांक 26.12.2024 से 31.12.2024 को आयोजित परीक्षा में सभी संकाय सदस्यो को अल्प दृष्टि विकलांग संकाय सदस्य सहित डयूटी इत्यादि को लेकर कूल 5 बिन्दुओ की प्रमाणित सूचना*** "अति0जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर से दिलाये जाने बाबत निवेदन किया था किन्तु संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है, जिसके कारण अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 की धारा 19(1) के तहत ऑन लाईन पोर्टल पर प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रेषित की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं अति0जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं अति0जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस क्रमांक/सूचना अधि./2026/413 दिनांक 8.4.2026 का अवलोकन करने पर पाया गया कि चाही गयी सूचना के संबधं में 5217781468 दिनांक 21.1.2026 से चाही गयी सूचना की विशिष्टिया उपलब्ध करवाने बाबत लिखा जाने पर अपीलान्ट द्वारा 30 दिवस तक भी विशिष्टिया उपलब्ध नही करवाने पर कार्यालय पत्रांक 9928163816 दिनांक 30.1.2026 को आवेदन पत्र खारिज किया गया। इसके बाद अपीलान्ट द्वारा प्रथम अपील का नोटिस प्राप्त होने पर संस्थापन अनुभाग के कार्यालय पत्रांक 1010 दिनांक 31.3.2026 द्वारा कार्यालय में संधारित वांछित सूचना (डयूटी फ्री करवाने से संबंधित) अपीलान्ट को जरिये ई–मेल व व्हाट्सअप उपलब्ध करवा दी गयी है। शेष सूचना जिला शिक्षा अधिकारी सवाईमाधोपुर से प्राप्त करने बाबत अपीलान्ट को लिखा जा चुका है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है,कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 26.12.2025 को प्रेषित प्रार्थना पत्र मे चाही गयी मे से आंशिक सूचना प्रभारी अधिकारी संस्थापन अनुभाग के पत्रांक 1010 दिनांक 31.3.2026 द्वारा अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है तथा शेष सूचना जिला शिक्षा अधिकारी सवाईमाधोपुर के कार्यालय से प्राप्त करने बाबत अपीलान्ट को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है। ऐसी स्थिति मे अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी। (काना राम) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर	

Scanned with OKEN Scanner